**<u>मा0 संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की बैठक दिनांक 09.12.2021</u>**
**<u>तैयारी बैठक दिनांक 07.12.2021/ई–मेल</u>**
**<u>संख्या–3377/आठ–3–2021</u>**

**प्रेषक,**

**अजय कुमार सिंह,**
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

**उपाध्यक्ष,**
लखनऊ एवं गाजियाबाद,
विकास प्राधिकरण।

**आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनांक : 02 दिसम्बर, 2021**

विषयः–**उ0प्र0 विधान परिषद की मा0 संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की दिनांक 09.12.2021 को आहूत बैठक के संबंध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक अनु सचिव, विधान परिषद, के आज्ञा पत्र संख्या–2876/वि0प0–समिति–2 दिनांक 26.11.2021 एवं अनु सचिव, आवासएवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 के पत्र संख्या–2447/आठ–2–2021–06–बैठक/15 टी0सी0 दिनांक 01.12.2021 **(छायाप्रतियाँ संलग्न)** का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें। अनु सचिव, विधान परिषद, के उक्त पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि **उ0प्र0 विधान परिषद की मा0 संसदीय एवं सामाजिक सदभाव समिति की साक्ष्य बैठक दिनांक 09.12.2021 को अपरान्ह 01:05 बजे विधान भवन के प्रथम तल पर कक्ष संख्या–80 विधान भवन, लखनऊ में निर्धारित है।** अनु सचिव, विधान परिषद के उक्त पत्र के साथ मा0 समिति के समक्ष साक्ष्य हेतु सूचीबद्ध प्रकरणों की सूची भी उपलब्ध करायी गयी है।

**2–** मा0 समिति की साक्ष्य बैठक से पूर्व **दिनांक 07.12.2021 को मध्यान्ह 12:00 बजे प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन** की अध्यक्षता में उनके श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन, प्रथम तल स्थित कार्यालय कक्ष में तैयारी बैठक आहूत की गयी है।

**3–** अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में मा0 संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की साक्ष्य बैठक में सूचीबद्ध प्रकरणों की सूची में कमांक–2, 3 एवं 6 पर अंकित प्रकरणों के संबंध में अद्यतन आख्या **<u>आज ही</u>** उपलब्ध कराते हुए तथा उक्त तैयारी बैठक दिनांक 07.12.2021 में प्रतिभाग करने हेतु भिज्ञ वरिष्ठ अधिकारी को निर्देशित करते हुए मा0 समिति की साक्ष्य बैठक दिनांक 09.12.2021 में ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें। लखनऊ मुख्यालय से बाहर स्थित अधिकारियों द्वारा उक्त तैयारी बैठक में ऑन लाईन प्रतिभाग किया जा सकेगा। बैठक हेतु आई0डी0/पासवर्ड यथा समय उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**<u>संलग्नकः यथोक्त।</u>**

भवदीय,
**(अजय कुमार सिंह)**
उप सचिव।

**<u>संख्या–3377(1)/आठ–3–2021–तद्दिनांक।</u>**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अनु सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 को सूचनार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।

आज्ञा से,
**(अजय कुमार सिंह)**
उप सचिव।

**संख्या..3372...../आठ-3-2021**

ई-मेल/विधान परिषद सदभाव समिति प्रकरण।
बैठक/दिनांक 09-12-2021
तैयारी बैठक/ दिनांक 07-12-2021
संख्या-2447/आठ-2-2021-06 बैठक/15टी0सी0

प्रेषक,

धर्मेन्द्र कुमार पाठक,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 01 दिसम्बर नवम्बर, 2021

विषय-उ0प्र0 विधान परिषद की मा0 संसदीय एवं सामाजिक सदभाव समिति की दिनांक 09-12-2021 को आहूत बैठक के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अनुसचिव, विधान परिषद सचिवालय, समिति अनुभाग-2 के आज्ञा पत्र संख्या-2876/वि0प0-समिति-2 दिनांक 26-11-2021 **(छायाप्रति संलग्न)** का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से **उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सदभाव समिति की दिनांक 09-12-2021 को अपरान्ह 01:05 बजे विधान भवन के प्रथम तल स्थित कक्ष संख्या-80 विधान भवन लखनऊ** आयोजित साक्ष्य बैठक में उपस्थित होने एवं प्रकरणों की प्रगति आख्या की 25-25 प्रमाणित प्रतियां बैठक से दो कार्यदिवस पूर्व उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

मा0 समिति की साक्ष्य बैठक से पूर्व **दिनांक 07-12-2021 को मध्यान्ह 12:00 बजे प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में तैयारी बैठक** आहूत की गयी है। **(लखनऊ से बाहर के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से तैयारी बैठक में प्रतिभाग करेंगे।)**

**2-** इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न सूची में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद से सम्बन्धित प्रकरण के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति की **आख्या दिनांक 02-12-2021** तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित तैयारी बैठक एवं साक्ष्य बैठक में पूर्ण सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

श्री पवन | श्री पूर्णेन्दु
2/12/2021

(धर्मेन्द्र कुमार पाठक)
अनु सचिव।

संख्या–2447 (1)/आठ–2–2021, तद्दिनांक

उक्त की प्रतिलिपि संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– अनुभाग अधिकारी, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, 8 एवं 9 को इस आशय से प्रेषित कि अपने अनुभाग से सम्बन्धित प्रकरणों में कृत कार्यवाही की अद्यतन आख्या की अपेक्षित प्रतियाँ ससमय विधान परिषद सचिवालय, समिति (सामान्य) अनुभाग–2 को ससमय उपलब्ध करायी जाय।

सूच्य है कि दिनांक 07–12–2021–2021 को मध्यान्ह 12:00 बजे प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में तैयारी बैठक आहूत की गयी है। **(लखनऊ से बाहर के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से तैयारी बैठक में प्रतिभाग करेंगे।)** इसके अतिरिक्त साक्ष्य बैठक/तैयारी बैठक में प्रतिभाग किए जाने हेतु सम्बन्धित फील्ड के अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देशित करें कि साक्ष्य बैठक में कम से कम अधिकारियों सहित प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

2– निजी सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।

3– निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।

4– स्वागत अधिकारी, प्रवेश पत्र कार्यालय, शास्त्री भवन लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया दिनांक 07–12–2021 को मध्यान्ह 12:00 बजे आहूत तैयारी बैठक में प्रतिभाग करने वाले उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण के सम्बन्धित अधिकारियों का प्रवेश पत्र निर्गत करने का कष्ट करें।

5– मुख्य स्वागत अधिकारी, गेट नम्बर–9, उ0प्र0 सचिवालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि एवं समय (दिनांक 09–12–2021 अपरान्ह 01:05 बजे) पर आयोजित मा0 संसदीय एवं सामाजिक सदभाव समिति की साक्ष्य बैठक में प्रतिभाग किए जाने वाले संबंधित फील्ड अधिकारियों का प्रवेश–पत्र निर्गत करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त

आज्ञा से,

(धर्मेन्द्र कुमार पाठक)
अनु सचिव।

तेज प्रताप सिंह,
अनुसचिव।

विधान भवन,
लखनऊ।

# आज्ञा–पत्र

संख्याः [illegible]/वि0प0–समिति–2
लखनऊ : दिनॉक [illegible] नवम्बर,2021

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।

कृपया उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की "संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति" की दिनांक 09 दिसम्बर, 2021 की प्रस्तावित साक्ष्य बैठक की संलग्न सूची में अंकित प्रकरणों की समीक्षा करने के लिए आपको साक्ष्य हेतु आमंत्रित किया गया है।

अतः आप से अनुरोध है कि संलग्न सूची में अंकित प्रकरणों से संबंधित अद्यतन आख्या की 25–25 प्रमाणित प्रतियॉ बैठक से दो कार्य दिवस पूर्व इस सचिवालय को अवश्य ही उपलब्ध कराते हुए, कोविड–19 की महामारी हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए कम से कम प्रकरणों से संबंधित अधिकारियों सहित समिति की दिनांक 09 दिसम्बर, 2021 को होने वाली साक्ष्य बैठक में अपराह्न 01:05 बजे विधान भवन के प्रथम तल पर कक्ष संख्या–80 विधान भवन, लखनऊ में साक्ष्य हेतु उपस्थित होने का कष्ट करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

अनुसचिव।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की "संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति" की दिनांक: 09 दिसम्बर, 2021 की बैठक में साक्ष्य हेतु विचारणीय प्रकरणों की सूची:–

आवास एवं शहरी नियोजन विभाग — साक्ष्य का समय अपराह्न– 01:05 बजे।

1–राजापुर एल0 आर0 जी0 रोड योजना जनपद–लखीमपुर खीरी में आवास विकास परिषद् द्वारा अधिगृहण की गयी भूमि का किसानों को मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में।

2–आकृत सेठी 36 एच0आई0जी0 चन्द्र नगर गाजियाबाद स्कूल नं0–5 भूखण्ड सं0–10 वैभव खण्ड शिप्रा नगर सनसिटी इन्दिरापुरम गाजियाबाद में भवन स्वीकृत योजना की मंजूरी दिलाये जाने के संबंध में।

3–मा0 उच्च न्यायालय में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा योजित बाद संख्या–56919/2017 एवं 57657/2017 जी0 डी0 ए0 बनाम डी0एम0 गाजियाबाद में पारित आदेश दिनांक 12.12.2017 के अनुपालन के संबंध में।

4–6th माइल्स्टोन चिकंवरपुर यू0पी0 बार्डर गाजियाबाद पर स्थित 85000 गज व्यवसाई भूमि का गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा करने के संबंध में।

5–गोमतीनगर विस्तार योजना के सेक्टर–4 में भूखिण्ड सं0–4/263 क्यू का भौतिक कब्जा दिलाये जाने के संबंध में।

6–श्रीमती ममता सचान पत्नी श्री सुरेश कुमार सचान निवासी 127/157 डग्लू–1,ब्लाक साकेत नगर कानपुर द्वारा अंसल प्रापर्टीज एण्ड इन्फास्ट्रक्टर लि0 लखनऊ द्वारा दिनांक 25 फरवरी,2020 तक कोई धनराशि वापिस न किये जाने के संबंध में।

---